सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

मंडला, देशबन्धु। समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि सभी विभाग, योजना तथा परियोजना में वित्त वर्ष की समाप्ति के पूर्व संबंधित कार्यवाहियाँ पूर्ण करवाएं तथा आवंटित राशि की उपयोगिता सुनिश्चित करें। विधायक एवं सांसद निधि के प्रगतिरत कार्यों की द्वितीय और अंतिम किश्त शीघ्र जारी करवाएं ताकि वित्त वर्ष की समाप्ति के पूर्व स्वीकृत राशि का उपयोग कराया जा सके। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले की ग्रेडिंग में इस माह जिन विभागों की सी और डी ग्रेड आई है वे संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर विशेष ध्यान दें तथा आगामी माह की ग्रेडिंग में अपनी स्थिति सुधारें।

100 दिवस से अधिक वाली 1044 शिकायतें हैं, संबंधित विभाग इन्हें प्राथमिकता से लें, विभाग प्रमुख इसका प्रतिदिन फॉलोअप करें। नेत्रज्योति तथा निःक्षय अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निःक्षय मित्र के रजिस्ट्रेशन बहुत कम हैं, इसकी संख्या बढ़ाएं, साथ ही चेस्ट एक्स-रे की पोर्टल पर एंट्री में बहुत गेप है, इसे शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि नेत्रज्योति तथा निःक्षय अभियान की डेली बेसेस पर समीक्षा करें। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सभी प्रकार के लोकसेवा गारंटी से जुड़े हुए आवेदन लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ही स्वीकार करें, इससे आवेदकों के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण हो सकेगा। आमजन से ऑफलाईन आवेदन लेने के स्थान पर उन्हें लोकसेवा के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। विभागों के लिए चिन्हित तथा आवंटित भूमि के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि संबंधित शासकीय भूखंड पर किसी प्रकार का कब्जा न हो। भूमि का सीमांकन करवाकर उसकी सीमाएं सुरक्षित करें। बैठक में सीएम राईज स्कूल, सामूहिक विवाह, अंतर्विभागीय बिन्दु, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, उर्वरक भंडारण के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएम वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

पेयजल की समस्या को ध्यान में रखकर तैयारियां पूर्ण करें: कलेक्टर

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल की संभावित समस्या को ध्यान में रखकर सभी तैयारियाँ समयपूर्व पूर्ण करें जिससे सभी ग्रामों, मजरो, टोलों में पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी हेंडपंपों की वास्तविक स्थिति, पंचायतों के पास उपलब्ध पानी के टेंकर आदि की जानकारी रखें। बिगड़े हुए हेंडपंपों की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराएं। जिन क्षेत्रों में किसी अन्य स्त्रोत से पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा सकता हो वहां टैंकर के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी, इसके लिए टेंकरों की स्थिति की जाँच करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में नलजल योजना का कार्य अंतिम चरण में है उसे शीघ्र पूर्ण कराएं। बैठक में सभी एसडीएम ने अपने-अपने अनुविभाग के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पीपीटी प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किए एवं अभी तक की तैयारियों से अवगत कराया।

55 लाख की शराब पर चला बुलडोजर न्यायालय के आदेश पर की कार्रवाई

छह प्रकरणों में जब्त कुल 4509 लीटर अवैध शराब की नष्ट

मंडला,देशबन्धु। पुलिस द्वारा लगभग 55 लाख रुपए की कीमत की जब्त देशी विदेशी शराब पर कलेक्टर न्यायालय के नष्टीकरण के आदेश के बाद बुलडोजर चलाया। बता दे जिले में पुलिस के द्वारा अवैध शराब के कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किये जाते हैं। थाना नैनपुर एवं थाना कोतवाली के प्रकरणों में लगभग पुलिस द्वारा 49 सौ लीटर शराब जब्त किये गये है। जिनके प्रकरण माननीय न्यायालय में समाप्त हो गये है उन प्रकरणों में न्यायालय से आदेश प्राप्त कर नष्टीकरण की कार्यवाही की गयी। अवैध शराब के 06 प्रकरण जिनमें थाना नैनपुर के वर्ष 2021 के प्रकरण में जब्त कुल 545 पेटी शराब जो लगभग 4200 लीटर हैं एवं थाना कोतवाली के पांच प्रकरणों जिनमें वर्ष 2017, 2018 के प्रकरणों में जब्त 356 लीटर अवैध शराब माननीय कलेक्टर न्यायालय एवं माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेशानुसार आज नष्टीकरण किया गया है। उक्त नष्टीकरण की कार्यवाही कलेक्टर मंडला के न्यायालय के आदेश पर गठित समिति द्वारा कार्यवाही का संपादन किया गया। नष्टीकरण के दौरान कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला, आबकारी अधिकारी मंडला, एसडीओपी मंडला, थाना प्रभारी नैनपुर, थाना प्रभारी कोतवाली व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बता दे मंडला पुलिस द्वारा अवैध शराब की प्राप्त सूचना पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। थाना द्वारा किसी भी स्त्रोत से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अनेक प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गयी हैं।

सार-समाचार

सीईओ जिला पंचायत सम्मानित

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट को 91.56 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी को प्रशस्ति पत्र

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी निवास श्री शिवा सिंह लोधी को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला योजना अधिकारी को मिला प्रमाण पत्र

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जिला योजना अधिकारी योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्रीमती क्षमा सराफ को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उपसंचालक पशु चिकित्सा का सम्मान

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में उपसंचालक पशु चिकित्सा पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. उग्रसेन तिवारी को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला खेल अधिकारी सम्मानित

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री रविन्द्र ठाकुर को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान संयुक्त सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्राचार्य आईटीआई को मिला प्रशस्ति पत्र

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में प्राचार्य आईटीआई मंडला तकनीकि शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री आरएस वरकड़े को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

अधीक्षण अभियंता को सम्मान पत्र

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में अधीक्षण अभियंता ऊर्जा विभाग मो. अयूब खान को 99.96 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

अग्रणी शाखा प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में अग्रणी शाखा प्रबंधक वित्त विभाग श्री सुजय कुमार को 99.11 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मिला प्रमाण पत्र

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नैनपुर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री विनोद मरावी को 97.96 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।

ब्रह्माकुमारीज निवास ने 89वीं शिव जयंती धूमधाम से मनाई

मंडला, देशबन्धु। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय निवास सेवाकेंद्र में शिवजयंती महोत्सव और सेवाकेंद्र का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से किया गया। यह कार्यक्रम खैरमाई मन्दिर के पास, खैरमाई मोहल्ला में स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, पड़ाव वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, नैनपुर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन, निवास सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम परमपिता परमात्मा शिव बाबा को भोग लगाया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को शिवजयंती और सेंटर के वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दीं और कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक-धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। हम दुनिया में देखते हैं कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है। इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है, सफलता में बाधक है उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं, बोझ उन्हें सौंप दें। फिर आपकी जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी। इसके बाद केक कटिंग हुआ, सेंटर में शिव ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद स्थानीय सेवाकेंद्र से रैली निकाली गई जो बस स्टैंड, बाजार एवं निवास के मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय सेवाकेंद्र में संपन्न हुई। रैली शिवजयंती के उपलक्ष्य पर निकाली गई। परमपिता परमात्मा शिव का सत्य परिचय देते हुए यह रैली निकली। इस रैली में आगे आगे कन्याएं सिर पर कलश रखे हुए थे, रैली में सभी स्लोगन की तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली में पर्चे भी बांटे गए। इस रैली का जगह जगह स्वागत किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सभी ने रैली के माध्यम से नशा मुक्त जीवन जीने का संदेश दिया गया। सभी बड़े उमंग उत्साह से हाथों में शिव ध्वज लेकर रैली में चले।

रपटाघाट शिव मंदिर को व्यवस्थित करने की मांग

मंडला, देशबन्धु। रपटाघाट शिव मंदिर जो नर्मदा के बीच में स्थित है इसको सुधार करने की मांग भक्तों द्वारा की जा रही है। यह मंदिर नर्मदा नदी के किनारे और मध्य में स्थित होने के कारण पर्यटकों और भक्तों के बीच एक प्रमुख आकर्षण है।

लेकिन इस मंदिर की सुरक्षा को लेकर कई चिंताएं व्यक्त की जा रही है। भक्तों ने मांग की है कि इस मंदिर को भी व्यवस्थित किया जाये। रपटाघाट के सौन्दर्यीकरण की चर्चा नगर में चल रही है। कलेक्टर के कार्यो की सराहना लोगों द्वारा की जा रही है। भक्तों ने जिलाधीश से मांग की है कि रपटाघाट के नर्मदा तट के मध्य में स्थित शिव मंदिर का भी जीर्णोद्धार किया जाये।

मां रेवती कॉलेज में नैक निरीक्षण का समापन

मंडला, देशबन्धु। गत दिवस मॉ रेवती कॉलेज में नैक निरीक्षण का का समापन हुआ। यह निरीक्षण कॉलेज की शैक्षिक गुणवत्ता, प्रशासनिक व्यवस्था, सुविधाओं, शोध कार्य और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित किया गया था। निरीक्षण टीम ने कॉलेज की विभिन्न सुविधाओं, शिक्षकों की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के प्रदर्शन और संस्थान के समग्र विकास को देखा। इस निरीक्षण के बाद कॉलेज से संबंधित मानकों के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे कॉलेज की मान्यता और सुधार के लिए दिशा-निर्देश मिलेंगे। समापन अवसर पर प्रिंसिपल डॉ कनिका खरे, शिक्षकगण और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने टीम के साथ संवाद कर कॉलेज के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और आगामी सुधारों के लिए सुझाव दिए।

रजा उत्सव 2025 का समापन आज

मंडला, देशबन्धु। प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रजा के जन्मोत्सव पर आयोजित रजा उत्सव 2025 का आज आखिरी दिन है। 22 फरवरी को रजा साहब के जन्मदिवस पर शुरू हुआ रजा उत्सव का 25 फरवरी, दिन मंगलवार को संपन्न हो जाएगा। इस रजा उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोग रजा कला वीथिका पहुंचकर चित्रकारी करते नजर आए। रजा उत्सव के दौरान बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। कला प्रेमी अपनी अपनी कल्पना को ड्राइंग शीट और कैनवास पर साकार रूप देते नजर आए। अनेक लोगों ने मिट्टी के गुल्लक और गमले में प्रिंटिंग कर आकर्षक आकृतियां बनाई और इसे यादगार स्वरूप अपने साथ ले गए।

इसी तरह मिट्टी के चॉक पर भी कला प्रेमियों ने हाथ आजमा कर न सिर्फ इसको अनुभव किया बल्कि विभिन्न आकृतियों को

भी रूप प्रदान किया। रजा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस रजा उत्सव के दौरान कला प्रेमियों को जहां चित्रकारी करने का अवसर मिला तो वही भारतीय शास्त्रीय संगीत के शौकीनों को बांसुरी, वायलिन, तबला और शहनाई की अनोखी जुगलबंदी का आनंद उठाने का भी अवसर प्राप्त हुआ। रजा

फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चैबे ने बताया कि रजा फाउंडेशन द्वारा मंडला में कला के क्षेत्र में लगातार अपने कार्यों का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मई और जून माह के दौरान भी विभिन्न कलाकारों द्वारा यहां पेंटिंग, गायन और नृत्य की कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

शिवलिंग आकाश, अनंत, ब्रह्मांड और निराकार परमपुरुष का प्रतीक

भुआ बिछिया, देशबन्धु। हनुमान मंदिर प्रांगण जंतीपुर में जारी शिव पुराण की कथा के आठवें दिवस में व्यासपीठ पर आसीन पं. रामगोपाल उपाध्याय ने शिव लिंग की उत्पत्ति की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा शिवलिंग को निराकार ब्रह्म का प्रतीक माना जाता है. शिवलिंग को भगवान शिव का प्रतिमा विहीन चिह्न माना जाता है. शिवलिंग को लिंगा, पार्थिव-लिंग, लिंगम् या शिवा लिंगम् भी कहते हैं। व्यासपीठ पर आसीन पं. रामगोपाल उपाध्याय ने बताया वायु पुराण के मुताबिक, प्रलयकाल में हर महायुग के बाद संसार इसी शिवलिंग में मिल जाता है और फिर इसी से सृजन होता है।

शिवलिंग को अक्सर प्रकाश या पारदर्शिता के संदर्भ में वर्णित किया जाता है। शिवलिंग को ऊपर की ओर नुकीले त्रिभुज से जुड़ा दिखाया जाता है, जो अग्नि का प्रतीक भी है । शिवलिंग को शून्य, आकाश, अनंत, ब्रह्मांड और निराकार परमपुरुष का प्रतीक माना गया है। स्कंद पुराण में

कहा गया है कि आकाश स्वयंलिंग है. शिव पुराण में शिव को संसार की उत्पत्ति का कारण और परब्रह्म कहा गया है। मानव कल्याणार्थ 17 फरवरी को कलश यात्रा स्थापना पूजन के साथ गोपाल प्रसाद जोगी कृष्णा जोगी द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रति दिन दोपहर में 2 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है।26 फरवरी से अखंड राम धुन 27 फरवरी तक चलेगी। इसी दिन हवन पूजन पूर्णाहुति भंडारा के साथ सम्पन्न होगा।

उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रकरणों को गंभीरता से लें : कलेक्टर

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने उच्च न्यायालय के अवमानना संबंधी प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवमानना के प्रकरणों को अत्यंत गंभीरता से लें। अनुविभागीय अधिकारी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा करें। माननीय न्यायालय की अवमानना संबंधी प्रत्येक प्रकरण की केस समरी तैयार करें। डब्ल्यूपी और अवमानना के प्रत्येक प्रकरणवार विभाग, योजना, परियोजना की ओर से अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है इसका विवरण हर प्रकरण के साथ रखें। जिन प्रकरणों में संबंधित कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, उनमें कम्प्लायंस प्रस्तुत करें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी आकिप खान, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर, एसडीएम निवास शाहिद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रशस्ति पत्र

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिछिया पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आरके मण्डावी को 95.89 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला परिवहन अधिकारी को सम्मान पत्र

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में जिला परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग श्रीमती रमा दुबे को 91.29 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर

भुआ बिछिया, देशबन्धु। शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम के मार्गदर्शन,कार्यक्रम समन्वय डॉ. शोभाराम मेहरा रासेयो रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, जिला संगठन डॉ. बीएल झारिया राष्ट्रीय सेवा योजना प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय मंडला के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी सुखदेव सिंह वरकडे के नेतृत्व में ग्राम लपटी के शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक एकीकृत शाला परिसर ग्राम पंचायत लपटी में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से शिविरार्थियों के द्वारा गाँव में प्रभात फेरी कर स्वच्छता, जनस्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण, बाल विवाह आदि ज्वलंत मुद्दों को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। शिविरार्थियों के द्वारा श्रम गतिविधि के तहत सार्वजनिक सडक, नल नलकूप, नदी, तालाब, एनीकट की साफ सफाई कर ग्राम वासियों को स्वच्छता अभियान से अवगत कराया। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के द्वारा शिविरार्थियों का मार्गदर्शन एवं विभागीय जानकारियों से अवगत कराया गया। मतदाता जागरूकता, बाल विवाह प्रतिषेध, स्वच्छता, आदि विषयों को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में पशुचिकित्सा विभाग से सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम धूमकेती उपस्थित रहें , जिनके द्वारा पशु विभाग से सम्बन्धित योजनाओं जैसे कुक्कुट पालन, दुधारू गाय,भैस, बकरी, सूकर पालन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर शिविरार्थियों को शिक्षा के साथ व्यवसाय को अपना कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।